an>

Title: Regarding delay in payment to farmers of Punjab.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि पंजाब के किसानों की धान की फसल का बकाया अभी नहीं मिल पाया है। आप जानते हैं कि पंजाब किसानों की फसल खरीदकर केन्द्रीय भंडार में देता है। उसके लिए करैंट क्रैडिट लिस्ट बनती है जो 21 हजार करोड़ रुपये की है। उसमें से 18 हजार करोड़ रुपये चले गए मगर 3 हजार करोड़ रुपये जो कम से कम 12 लाख टन धान की फसल के पड़े हैं, वह फाइल कभी फाइनैंस मिनिस्ट्री, कभी फूड मिनिस्ट्री में घूम रही है। आप जानते हैं कि गेहूं की फसल बोई जा रही है। किसानों को फर्टिलाइजर और पैस्टीसाइड्स के लिए पैसे की जरूरत है, लेकिन पैसे मिल नहीं रहे हैं। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि जल्दी से जल्दी वह पेमैंट रिलीज करवाई जाए क्योंकि पंजाब में जो धान की फसल पैदा होती है, उसका केवल 5 प्रतिशत ही पंजाब के लोग खाते हैं, 95 प्रतिशत देश को देते हैं। देश के लिए अनाज पैदा करने वाले किसान को अगर उसका पैसा नहीं मिलेगा तो वह भविष्य में डिसकरेज होगा।

HON. DEPUTY SPEAKER:

Shri Santokh Singh Chaudhary is permitted to associate with the issue raised by Shri Prem Singh Chandumajra.

Shri Badruddin Ajmal- Not present.